**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2300**
**उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025**

**बीएसएनएल और एमटीएनएल को बढ़ावा देना**

**2300. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:**

क्या संचार **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) सरकार द्वारा बीएसएनएल और एमटीएनएल को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क)** सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जिनका ब्यौरा निम्नलिखित है:

- वर्ष 2019 में लगभग 69 हजार करोड़ रू. का प्रथम पुनरूद्धार पैकेज दिया गया जिससे बीएसएनएल/एमटीएनएल की प्रचालन लागत में कमी आई।

- वर्ष 2022 में लगभग 1.64 लाख करोड़ रू. का पुनरूद्धार पैकेज दिया गया। यह नए सिरे से पूंजी निवेश करने, ऋण का पुनर्गठन करने, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण आदि पर केन्द्रित था।

- वर्ष 2023 में सरकार ने लगभग 89 हजार करोड़ रू. के कुल परिव्यय के साथ बीएसएनएल को 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए अनुमोदन प्रदान किया।

- इन पुनरूद्धार पैकेजों के अलावा केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 07.02.2025 को बीएसएनएल को 6,982 करोड़ रू. की अतिरिक्त कैपेक्स सहायता हेतु अनुमोदन प्रदान किया है।

इन पैकेजों के परिणामस्वरूप, बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से प्रचालनगत लाभ अर्जित करना शुरू कर दिया है।

**(ख) और (ग)** जी, नहीं।

*****